देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 83 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...
पलायन का प्रमुख कारण



देहरादून, शुक्रवार, 26 जून 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 34.0° न्यूनतम 23.0° | 34842.10 | 2 ओली की पार्टी में 'प्रचंड' तूफान | 7 मैंने कभी हार नहीं मानी

## संक्षिप्त समाचार

### प्रीतम सिंह सहित डेढ़ सौ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह सहित 15 नामजद कांग्रेस नेताओं और डेढ़ सौ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इन नेताओं पर अनुमति का उल्लंघन और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने सहित कई आरोप लगाये गये हैं। कई लोगों ने इस दौरान मॉस्क नहीं लगाए थे। आज केन्द्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ पैट्रोल व डीजल की कीमतों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी के खिलाफ सड़कों पर उतरे और प्रदर्शन करते हुए मानव श्रृंखला बनाई।

### 29 करोड़ 78 लाख लागत की योजना में धनराशि जारी करने के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक में 2020–21 के 344 करोड़ 76 लाख रूपये लागत की प्रस्तावित योजनाओं को अनुमोदित किया गया। इसी के साथ वर्ष 2019–20 के लघु सिंचाई की पूर्व में उपलब्ध धनराशि 29 करोड़ 78 लाख लागत की योजना में धनराशि जारी करने के निर्देश दिए गए।

### लॉकडाउन के बाद पहली पीसी प्रेस क्लब में

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड कोचिंग एवं पुस्तकालय संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सविन्दर सिंह ने कहा है कि कोचिंग संस्थानों से जुड़े हुए शिक्षकों की आर्थिक स्थिति कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण के चलते हुए लॉकडाउन में काफी खराब हो गई है और सरकार ने आज दिशा में किसी भी प्रकार की कोई नीति तैयार नहीं की है। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के समाप्त होने पर छह माह तक किराये के भवन का आधा किराया लिया जाये क्योंकि नये सिरे से कोचिंग संस्थानों को अब चलाना होगा।

# गलवान में पीछे हटे चीन के सैनिक

अग्रिम मोर्चे से सैनिकों को हटाएगा, कुछ जवान और गाड़ियां हटाईं

## कोर कमांडर की बैठक में दिया था हटने का आश्वासन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



### भारत बोला, अपने इलाके में लौट जाओ

दोनो देशों के बीच सीमा विवाद सुलझाने के लिए पिछले मंगलवार को सैन्य स्तरीय वार्ता और बुधवार को डब्लूएमसीसी की बैठक हुई थी। बैठक में भारत ने चीन के सामने फिर दोहराया था कि शांति स्थापित करने के लिए चीनी सैनिकों को अपने क्षेत्र में लौटने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। बैठक में भारत ने पिछले 23 जून को हुई दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच हुई बातचीत और उसमें बनी सहमति का मुद्दा उठा।

नई दिल्ली। चीन ने गलवान घाटी में अपने कुछ सैनिक और वाहन अग्रिम मोर्चों से पीछे हटा दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख सीमा पर तनाव कम करने के लिए 22 जून को कोर कमांडर स्तर की बातचीत हुई थी। इसमें चीन की सेना ने एलएसी पर अग्रिम मोर्चों पर तैनात अपने जवानों को पीछे हटाने का आश्वासन दिया था। इसके मुताबिक चीन ने गलवान इलाके में अपने कुछ सैनिक और वाहन पीछे हटा लिए हैं।

पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन की सेनाओं के बीच लंबे समय से तनातनी चल रही है। 15 जून की रात यह तनातनी गलवान घाटी में चरम पर पहुंच गई और इसने हिंसक झड़प का रूप ले लिया। इनमें 20 भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हो गए थे। इसमें चीन के भी 40 से अधिक सैनिक हताहत हुए लेकिन चीन ने इसे आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया। इसके बाद तनाव कम करने के लिए 22 जून को कोर कमांडर लेवल की बात हुई थी। इसमें चीन ने मौजूदा पोजीशन से अपने अपने सैनिकों को पीछे हटाने का आश्वासन दिया था।

**सैटेलाइट तस्वीरों में लौटने की पुष्टिः** इससे पहले सैटेलाइट से मिली लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल की तस्वीरों के आधार पर कहा था कि चीन के सैनिक अग्रिम मोर्चे से पीछे हट गए हैं। चीन भले ही आधिकारिक तौर पर इसे मानने को तैयार नहीं है लेकिन सैटेलाइट से मिली तस्वीरों ने उसकी पोल खोल दी है।

सैटेलाइट से मिली तस्वीरों में दो मर्सडीज कारें दिखाई दे रही हैं। इससे साफ है कि गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद सेना के शीर्ष अधिकारी वहां पहुंचे थे। जाहिर तौर पर वे यह देखने आए थे कि भारतीय सैनिकों के साथ 15 जून की रात हुई हिंसक झड़प में पीएलए को कितना नुकसान हुआ है।

### गोगरा हॉट स्प्रिंग में भी पीछे हटे चीनी सैनिक

मई के शुरुआत की तस्वीरें में गोगरा हॉट स्प्रिंग एरिया में भी चीन की सेना ने पंगडंडियों के पास तंबू बनाए थे। लेकिन ताजा तस्वीरें के मुताबिक भारतीय सेना ने उन्हें वहां से खदेड़ दिया है। अब वहां भारतीय सेना के तंबू दिखाई दे रहे हैं। दोनों देशों की सेनाओं के बीच 5 और 6 मई को झड़प हुई थी जिसमें दोनों तरफ के कई जवान घायल हो गए थे। इसके बाद दोनों देशों ने सीमा पर सैनिकों की तैनाती बढ़ाई जिससे तनातनी बढ़ती गई। आखिर 15 जून को यह तनातनी गलवान घाटी में चरम पर पहुंच गई और दोनों सेनाओं के बीच हिंसक झड़प का रूप ले लिया। चीन ने वहां नदी के पानी के रोकने की भी कोशिश की थी लेकिन ताजा तस्वीरों में इसमें पानी बहता हुआ दिख रहा है।

## परिवहन निगम के सुदृढ़ीकरण को 15 करोड़ का मरहम

**संवाददाता**

■संसाधनों के विकास को मुख्यमंत्री ने यह धनराशि स्वीकृत की

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने परिवहन निगम की व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु 15 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इसके अतिरिक्त गढ़वाल एवं कुमाऊँ मंडल विकास निगम हेतु भी मुख्यमंत्री ने 2–2 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। कोविड–19 के दृष्टिगत पूर्व में लॉकडाउन के कारण परिवहन निगम के साथ ही कुमाऊँ मंडल विकास निगम एवं गढ़वाल मंडल विकास निगम के आय के संसाधनों में कमी के कारण संसाधनों के विकास हेतु मुख्यमंत्री ने यह धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में शीघ्र आदेश निर्गत हेतु सचिव वित्त को निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस धनराशि से इन निगमों के नुकसान की काफी हद तक भरपाई हो सकेगी तथा कार्य संचालन में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा की परिवहन निगम की बसों का संचालन शुरू किया गया है इसमें यात्रियों को सुविधा होने के साथ ही परिवहन निगम के आय के संसाधनों में वृद्धि होगी। इस हेतु गढ़वाल मंडल विकास निगम के अध्यक्ष महावीर सिंह रांगड ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने सचिवालय एवं अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों व स्वास्थ्य कर्मियों के 1 दिन के वेतन कटौती के आदेश को वापस लिए जाने के निर्देश दिए हैं।

## सीबीएसई ने रद्द की 10वीं-12वीं की बची परीक्षाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इस साल के लिए 1 जुलाई से शुरू होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बची हुई परीक्षाएं रद्द कर दी हैं। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान बोर्ड ने अपने इस निर्णय की जानकारी दी है। साथ ही ये भी बताया है कि अब किस आधार पर स्टूडेंट्स को अंक दिए जाएंगे और रिजल्ट तैयार किए जाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष इस मामले पर सुनवाई हुई। सीबीएसई और केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से सॉलिसिटर जेनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा। वहीं, दिल्ली, ओडिशा और महाराष्ट्र सरकार की ओर से परीक्षा न कराए जाने की याचिका पर वकील ऋषि मल्होत्रा ने दलीलें पेश कीं।

# कांग्रेस के फाउंडेशन को चीन से फंडिंग

## बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कांग्रेस पर जोरदार वार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**





### चाइना से फंड लेकर बनाते हैं माहौल

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये वहीं लोग हैं, जो चाइना से फंड लेकर देश में माहौल बनाते हैं। सभी राजनैतिक दल के लोगों ने पीएम से कहा कि वह सभी देशहित में एक साथ खड़े हैं। एक परिवार ने विरोध किया।

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एमपी में वर्चुअल रैली को संबोधित किया है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जोरदार हमला किया है। चीन के बहाने जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जबरदस्त वार किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि राजीव गांधी फाउंडेशन ने चाइना एंबेसी से डोनेशन के नाम पर मोटी रकम ली है।

एमपी के लोगों को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने अलगाववाद के बीजेपी बोए हैं। पीएम मोदी ने वह कर दिखाया जो किसी ने 6 दशकों में नहीं किया। हमने धारा 370 हटाया। जम्मू–कश्मीर में अब वाल्मीकि का बेटा भी डॉक्टर, इंजीनियर बनेगा। भारत के अब 106 कानून जम्मू–कश्मीर में भी लग सकेंगे।

**चीन के साथ रिश्तों पर जवाब दे कांग्रेसः** नड्डा ने टीवी रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि राजीव गांधी फाउंडेशन को 2005–2006 में चाइनीज एंबेसी ने मोटी रकम दी है। ये है चाइना और कांग्रेस का गुपचुप रिश्ता। उन्होंने कहा कि यह परिवार विपक्ष नहीं हो सकता है। 3 हजार यूएस डॉलर लेने वाले मुखर नहीं हो सकते हैं। ये अपने स्वार्थ के जाल में स्वयं उलझे हुए हैं। राजीव गांधी फाउंडेशन को चाइना ने जो फंडिंग की है, इस पर देश जवाब चाहता है।

**क्यों लिए ये पैसाः** नड्डा ने कहा कि देश जानना चाहता है कि राजीव गांधी फाउंडेशन को इतना पैसा किस बात के लिए दिया गया था और उन्होंने देश में क्या स्टडी की थी, ये भी देश जानना चाहता है।

## हर्ड इम्यूनिटी को लेकर अच्छी खबर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

60 प्रतिशत नहीं, 43 प्रतिशत लोगों में इन्फेक्शन जरूरी

लंदन। कोरोना वायरस इन्फेक्शन से ज्यादा लोगों को बचाने के लिए अहम हथियार मानी जा रही हर्ड इम्यूनिटी पैदा करना अब पहले से आसान हो सकता है। एक ताजा रिसर्च में यह बात सामने आई है कि हर्ड इम्यूनिटी पैदा होने के लिए पहले जितने लोगों के इन्फेक्ट होने की जरूरत समझी जा रही थी, दरअसल उससे कम संख्या से ही अनुकूल नतीजे मिल सकते हैं। दुनियाभर में अब तक 95 लाख 52 हजार 099 लोग कोरोना की चपेट में आ चुके हैं और 4 लाख 85 हजार 434 लोगों की मौत हो चुकी है।

स्टडी में अनुमान लगाया गया है कि ट्रांसमिशन को रोकने के लिए आबादी के जितने प्रतिशत को इन्फेक्ट होने की जरूरत है, वह सिर्फ 43 प्रतिशत है जबकि पहले अनुमान लगाया गया था कि कम से कम 60 प्रतिशत आबादी के इन्फेक्ट होने से हर्ड इम्यूनिटी पैदा हो सकती है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in